प्रेषक – चौ० धर्मेन्द्र सिंह एडवोकेट सी० ओ० आफिस के बराबर मे तहसील कम्पाऊड गढ़मुक्तेश्वर (हापुड़)

प्रेषित – श्रीमान जनसूचना अधिकारी / श्रीमान अधिशासी अभियन्ता महोदय – पावर ग्रिड मेरठ सिम्भावली ट्रांसमिशन लिमिटेड प्लाट नं० 1 पाकेट एन. गंगानगर मेरठ

विषय – जनसूचना अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(1) के अधीन प्रार्थना पत्र –

कृपया मुझे ग्राम मुरादपुर पावटी, सादुल्लापुर लोदी लोदीपुर, हिरनपुरा-चौपाई, मानक-चौक, दौताई आदि ग्रामो मे नवनिर्मित 400 के०वी० लाइन के सम्बन्ध मे निम्न सूचना / जानकारी / उपलब्ध दस्तावेजो की प्रमाणित प्रति लिपि समयावधि मे उपलब्ध कराने का कष्ट करे।

(1) यह उपरोक्त नवनिर्मित लाईन की लम्बाई कितनी है। और इसमे टावरो की संख्या बताने का कष्ट करे।

(2) यह कि यह कहाँ से शुरू होकर कहाँ तक जाती है।

(3) यह कि इसके निर्माण मे हुई फसल क्षति का आँकलन के क्या मानक है बताने का कष्ट करे।

(4) यह कि फसल के लिए मूल्य निर्धारण सारणी उपलब्ध कराने का कष्ट करे।

(5) यह कि इस लाईन का चुम्बकीय क्षेत्र कितनी परिधि तक है बताने का कष्ट करे।

(6) यह लाईन किस कम्पनी द्वारा बनायी जा रही है।

अतः श्रीमान जी से सानुरोध प्रार्थना है कि उपरोक्त सूचना / जानकारी / उपलब्ध दस्तावेजो की प्रति समयावधि मे उपलब्ध कराने का कष्ट करे।

दिनांक 7/4/2021

संलग्न – देय शुल्क 10 रु० का भा० पो० आर्डर संख्या 51F 749877 संलग्न है।

प्रार्थी (Singhal)

चौ० धर्मेन्द्र सिंह एडवोकेट
सी० ओ० आफिस के बराबर मे
तहसील कम्पाउड गढ़ (हापुड़)
Mob No. 8755811110

Website:www.powergridindia.com

टेका  ৫স টাকা  ಹತ್ತು ರೂಪಾಯಿ  ...  പത്തു രൂപ  दहा रुपये  ...  दस रुपए  दश रुप्यकाणि

अपराक्राम्य
NOT NEGOTIABLE

# भारतीय पोस्टल आर्डर
# INDIAN POSTAL ORDER

डाक महानिदेशक DIRECTOR GENERAL OF POSTS.

PAY TO श्रीमान जन सूचना अधिकारी / अधिशासी अभियन्ता महो० पावर ग्रिड मेरठ ...

दस रुपए की रकम THE SUM OF RUPEES TEN ONLY

₹10

कमीशन COMMISSION रुपया 1 RUPEE

प्रेषक अपना नाम और पता यहां लिख दे।
SENDER MAY FILL IN HIS NAME AND ADDRESS HERE.

चौ० धर्मेन्द्र सिंह एड०
सी० ओ० आफिस के बराबर में
तहसील कम्पाउन्ड गढ़ हापुड़

डाक टिकट
POSTAGE STAMPS

AT THE POST OFFICE AT
मेरठ

के डाकघर में अदा करें।

पोस्ट मास्टर POSTMASTER

इस लाइन के नीचे मत लिखिए  DO NOT WRITE BELOW THIS LINE

51F 749877

पावरग्रिड
POWERGRID

पावरग्रिड मेरठ सिम्भावली ट्रांसमिशन लिमिटेड
(पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, भारत सरकार का उद्यम)
POWERGRID MEERUT SIMBHAVALI TRANSMISSION LIMITED
(A wholly owned subsidiary of Power Grid Corporation of India Limited, A Government of India Enterprise)

कार्यालय : प्लॉट नं0 1, पॉकेट–एन, गंगानगर, मेरठ–250 0 01 (उ0 प्र0) / Office : Plot No. 1, Pocket-N, Ganga Nagar, Meerut-250001 (UP). Ph. : 0121-7962557
CIN :U40106DL2019G01351476

**संदर्भ सं.:** पावरग्रिड एम.एस.टी.एल/आर. टी. आई./178A **दिनांक:** 19.05.2021

सेवा में,

**श्री धर्मेंद्र सिंह एड्वोकेट,**
**सी. ओ. आफिस के बराबर में तहसील कम्पाउंड,**
**तहशील गढ़मुक्तेश्वर, जिला - हापुड़ ।**

**विषय:** आर. टी. आई. प्रार्थना पत्र दिनांक 07.04.2021 के संदर्भ में।

महोदय,

आपके आर. टी. आई. प्रार्थना पत्र दिनांक 07.04.2021 के संदर्भ में जो पावर ग्रिड मेरठ सिम्भावाली ट्रांसमिशन लिमिटेड से सम्बंधित है कि बिंदुवार जानकारी निम्न है:

**बिंदु न. 1: यह उपरोक्त नवनिर्मित लाइन की लम्बाई कितनी है और इसमें टावरों की संख्या बताने का कष्ट करें।**

**जानकारी:** उपरोक्त लाइन की लम्बाई 28.72 KM है और इसमें टावरों की संख्या 79 है।

**बिंदु न. 2: यह कि लाइन कहाँ से शुरू होकर कहाँ तक जाती है।**

**जानकारी** : उपरोक्त लाइन 765 KV उपकेन्द्र , अहमदपुरी (मेरठ) से 400 KV उपकेन्द्र, सिम्भावली (ग्राम - सिकन्दरपुर) तक जाती है ।

**बिंदु न.3: यह कि इसके निर्माण में हुई फसल क्षति का आंकलन का क्या मानक है, बताने का कष्ट करे ।**

**जानकारी:** उपरोक्त लाइन के निर्माण में क्षतिग्रस्त फसल का मुल्यांकन क्षतिग्रस्त क्षेत्र, फसल का प्रकार इत्यादि के आधार पर सम्बंधित मंडी समिति द्वारा जारी मूल्यांकन सूचि के दर के अनुसार किया जाता है।

**बिंदु न.4: यह कि फसल के लिए मूल्य निर्धारण सारषी उपलब्ध कराने का कष्ट करें।**

**जानकारी:** फसल के लिए मुल्य निर्धारण सूची सम्बंधित मंडी समिति द्वारा जारी की जाती है। प्रमाणित प्रति आप चाहे तो वहा सम्बंधित मंडी समिति से ले सकते है।

**बिंदु न.5: यह कि इस लाईन का चुम्बकीय क्षेत्र कितनी परिधि तक है, बताने का कष्ट करे ।**

**जानकारी** : यह लाइन की चुम्बकीय क्षेत्र की परिधि 8.84 meter तक है।

**बिंदु न. 6: यह लाइन किस कंपनी द्वारा बनायी जा रही है।**

**जानकारी:** यह लाइन का निर्माण पावर ग्रिड मेरठ सिम्भावली ट्रांसमिशन लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है।

**अपीलीय प्राधिकारी का विवरण**
श्री ए .के .मिश्रा, कार्यकारी निदेशक, उ. क्षे.1, प्रथम अपीलीय प्रधिकारी
**पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, उ .क्षे 1.मुख्यालय,**
SCO बे .संख्या 5-10, सेक्टर -16A, फरीदाबाद-121002, फोन न .0129-2666301

धन्यवाद।

भवदीय

19/5/21

**[ए. अहमद]**
**सी. ई. ओ. एवं पदनामित सी. पी.आई. ओ**
**पी .एम.एस.टी.एल, मेरठ**